अण्डमान निकोबार
द्वीप समाचार

संख्या 20 श्री विजय पुरम, सोमवार, 20 जनवरी 2025 web: www. and.n

आईसीएआर–सीआईएआरआई ने 'द्वीप लीफ सेपरेटर' को लाइसेंस दिया

श्री विजय पुरम, 19 जनवरी।

आईसीएआर–केन्द्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान (सीआईएआरआई), श्री विजय पुरम में 'द्वीप लीफ सेपरेटर' तकनीक के लिए आईसीएआर–सीआईएआरआई और जय शंकर इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड के बीच 17 जनवरी, 2025 को प्रौद्योगिकी लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

यह नारियल के पत्तों से मध्य पसलियों को हटाने के लिए एक कुशल, श्रम बचाने वाला, हाथ से पकड़ा जाने वाला उपकरण है। एक व्यक्ति इस उपकरण के माध्यम से 500 मध्य पसलियों को प्रति घंटे अलग कर सकता है, जबकि पारंपरिक विधि के माध्यम से 380 मध्य पसलियों को प्रति घंटे अलग किया जा सकता है। इसके अलावा, इस उपकरण के माध्यम से प्राप्त मध्य पसलियों पारंपरिक विधि के माध्यम से प्राप्त की तुलना में अधिक साफ थीं। यह एक पेटेंट तकनीक है, जिसके कृषि बाज़ार का हिस्सा बनने की अच्छी संभावना है।

सीआईएआरआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि वैज्ञानिक दल में डॉ. आई. जयशंकर, डॉ. बी. ऑगस्टीन जेरार्ड, डॉ. टी. सुब्रमणि और डॉ. ई.बी. चाकुरकर शामिल थे।